## कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल की छापेमार कार्रवाई, शोभना नदी से अवैध खनन का भंडाफोड़

# अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाईः पोकलेन मशीन समेत दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त, सख्ती के संकेत

पांढुर्णा जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने सौंसर क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध खनन के नेटवर्क का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान शोभना नदी से बिना अनुमति रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन को जप्त किया गया, जो शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।इतना ही नहीं, बिछुआबग्गू-खैरीबडोसा मार्ग पर अवैध रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़ी गईं, जिन्हें रेत सहित जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन सभी गतिविधियों के लिए कोई वैध अनुमति या दस्तावेज मौजूद नहीं थे। प्रशासन ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां दोषियों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।यह कार्रवाई न केवल खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ा संदेश है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रशासन की गंभीरता को भी दर्शाती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के स्पष्ट निर्देशों के बाद 8 और 9 अप्रैल की दरमियानी रात को राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने सौंसर अनुभाग में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रेत खनन में प्रयुक्त एक पोकलेन मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर प्रशासन ने यह साफ संकेत दिया है कि जिले में खनन माफियाओं को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिद्धार्थ पटेल के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें



विभिन्न विभागों की टीमों ने समन्वय के साथ काम करते हुए अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने का प्रयास किया।

### शोभना नदी में अवैध उत्खनन का खुलासा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासन को तहसील सौंसर के अंतर्गत ग्राम बिछुआबग्गू क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिली थी। सूचना मिलते ही संयुक्त दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शोभना नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया।दल ने मौके पर एक टाटा हिताची पोकलेन मशीन को सक्रिय अवस्था में पाया, जो बिना किसी वैधानिक अनुमति के शासकीय भूमि से रेत निकालने में लगी हुई थी। नियमों का उल्लंघन करते हुए की जा रही इस गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को जप्त कर लिया गया।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह उत्खनन पूरी तरह अवैध था और इसके लिए किसी भी प्रकार की अनुमति या लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया था। मौके पर खनन क्षेत्र का आकलन कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

### खनिज नियमों के तहत होगी कड़ी कार्रवाई

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग ने खनि नियमाधीन प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध उत्खनन के इस मामले को कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां दोषियों पर भारी जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है।प्रशासन का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ एक मजबूत संदेश जाएगा और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

### दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़ी गईं




इसी कार्रवाई के दौरान संयुक्त दल ने ग्राम बिछुआबग्गू-खैरीबडोसा मार्ग पर भी निगरानी बढ़ाई। इस दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्रमांक MP28ZC3126 एवं MP28AC5196) अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ी गईं।दोनों वाहनों को रेत सहित जप्त कर लिया गया और उन्हें पुलिस थाना सौंसर परिसर में अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इन वाहनों के पास भी खनिज परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।खनिज विभाग द्वारा दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और इन्हें भी कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां नियमानुसार जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### संयुक्त टीम की सक्रियता बनी उदाहरण

इस कार्रवाई में राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर काम किया। मौके पर नायब तहसीलदार अशोक अडमे, सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे, हल्का पटवारी युवराज राहांगडाले सहित पुलिस थाना सौंसर का अमला उपस्थित रहा।अधिकारियों की इस समन्वित कार्रवाई को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि अवैध खनन के खिलाफ अब विभागीय स्तर पर ठोस रणनीति अपनाई जा रही है।

### खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

लगातार हो रही इस प्रकार की कार्रवाइयों से जिले में सक्रिय अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि नदी तंत्र और भूजल स्तर पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम

विशेषज्ञों के अनुसार, अवैध रेत उत्खनन से नदियों की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होती है, जिससे बाढ़ और सूखे जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्रशासन की यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं इस प्रकार की गतिविधियां दिखाई दें तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### सोमनाथ संवाद व्याख्यान माला का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संवाद व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।भारतीय सांस्कृतिक इतिहास, ज्योतिर्लिंग परंपरा, मंदिर स्थापत्य एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ उर्मिला खरपूसे द्वारा सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के इतिहास, स्थापत्य एवं संस्कृति में उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग भारत के संस्कृति का गर्व रहा है जो अटूट आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का आधार है। जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्मरण उत्सव मनाया जा रहा है।

### राजीव भवन में हुई महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस की बैठक राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में जिलेभर की ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित रही। जिसमें संगठनात्मक विषयों के साथ ही जिलेभर में चलाए जाने वाले सक्रिय सदस्यता अभियान की रणनीति बनाई गई। आगामी दिनों में ब्लॉक स्तर पर भी बैठकें आयोजित करने पर चर्चाएं की गई। जिला महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रीमती सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने पद संभालने के उपरांत जिला महिला कांग्रेस की प्रथम बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने सर्वप्रथम जिले के समस्त ब्लॉकों से आईं ब्लॉक अध्यक्षों से परिचयात्मक चर्चा की।

### कांग्रेस के छात्र संगठन ने मनाया स्थापना दिवस

**छिन्दवाड़ाः-** कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने स्थापना दिवस मनाया। छात्र संगठन एनएसयूआई ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेभर के विभिन्न महाविद्यालयों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनएसयूआई ने छात्र-छात्राओं के हक और अधिकार को सुरक्षित करने का भी संकल्प लिया। छात्र संगठन ने पौधरोपण करने का उद्देश्य प्रकृति का दोहन जिस प्रकार से वर्तमान में हो रहा है इससे भविष्य खतरे में होगा। जिस तरह जल है तो कल है का नारा है उसी तरह पौधे हैं तो कल जीवन सुरक्षित है। यह भी तय है। नारों के साथ, प्रकृति के सम्मान में, अरावली पर्वत श्रृंखलाओं के सम्मान में, के नारों के साथ छात्र संगठन ने राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के गार्डन में जिला एन.एस.यू.आई अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी की उपस्थिति में पौधरोपण किया।

### सुनील चौहान को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे की अनुशंसा उपरांत किसान कांग्रेस में क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष श्री सुशील सक्सेना के प्रस्ताव पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष श्री चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह के द्वारा सिहोरामाल क्षेत्रीय किसान कांग्रेस अध्यक्ष पद पर सुनील चौहान को मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार माना है।

## उच्च स्तरीय बैडमिंटन कोर्ट की सौगात देने हेतु सांसद का आभार



**छिंदवाड़ा** में बैडमिंटन खेल को और अधिक तेजी से विकसित करने हेतु जिला बैडमिंटन संघ के खिलाड़ियों ने जिले के सांसद श्री विवेक बंटी साहू से उच्च स्तरीय बैडमिंटन कोर्ट के लिए निवेदन किया था जिसके फल स्वरूप सांसद महोदय ने इस विषय को संज्ञान में लेते हुए खेल विभाग मध्य प्रदेश शासन के खेल मंत्री एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर से तत्काल बातचीत कर छिंदवाड़ा के खिलाड़ियों को 2 नवीन उच्च स्तरीय योनेक्स कंपनी के सिंथेटिक कोर्ट उपलब्ध करवा दिए हैं जो छिंदवाड़ा जिले के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी एवं ऐतिहासिक उपलब्धि हैं। इस कोर्ट के लगने से खिलाड़ियों के खेल स्तर में तेजी से सुधार होगा। जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह बैंस, परमजीत सिंह विज, दारा जुनेजा, अभिषेक पाटनी, प्रियकांत जुनेजा, प्रोफ़ेसर अनिल जैन , अंकित सोलंकी, जावेद खान, राकेश चौरसिया, तरुण विश्वकर्मा, अमित सोनी, जगदीश देशमुख, विनय सिंह चंदेल , महिमा यादव , अथर्व गुप्ता, तनिष्का विश्वकर्मा ने माननीय सांसद और खेल विभाग के प्रति कोटि कोटि आभार व्यक्त किया ।

## परासिया में शिशु रोग विशेषज्ञ नहीं, बच्चों की सेहत से खिलवाड़!

### कांग्रेस ने प्रशासन को घेरा, दिया मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोल्ड सिरप कांड के बाद जहां प्रशासन ने शहर के सभी शिशु रोग विशेषज्ञों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया, वहीं परासिया विधानसभा क्षेत्र आज भी शिशु रोग विशेषज्ञ से वंचित है। यह विरोधाभास अब बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

परासिया और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को अपने बच्चों के इलाज के लिए मजबूरी में छिंदवाड़ा या नागपुर जाना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह स्थिति किसी संकट से कम नहीं है। समय पर इलाज न मिल पाने से बच्चों की सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा पर प्रशासन की यह घोर



लापरवाही अब जनता के आक्रोश का कारण बन रही है। लंबे समय से खाली पड़े शिशु रोग विशेषज्ञ के पद को भरने में देरी को लेकर क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने माननीय कलेक्टर महोदय , छिंदवाड़ा को मांगपत्र सौंपकर तत्काल नियुक्ति की मांग की। माननीय कलेक्टर महोदय जी ने कहा कि सी,एच,ओ, से चर्चा कर समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शिशु रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना नहीं की गई, तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, ब्लॉक समन्वयक बसंत मालवीय, अलाउद्दीन खान, महामंत्री विवेक मिश्रा, बी,एल,ए, प्रभारी राजा राय क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं आनंद बेलवंशी एन, एस, यू,आई ,ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### सांसद ने दी ज्योतिबा फुले जयंती की शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों को ज्योतिबा फुले जयंती की शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर दिए गए अपने शुभकामना संदेश में सांसद बंटी विवेक साहू ने महान समाज सुधारक, शिक्षाविद और नारी सशक्तिकरण के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को सादर नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़ीवादी परंपराओं, छुआछुत और अशिक्षा के खिलाफ लड़कर समानता और शिक्षा का जो मार्ग दिखाया है वह आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहा है। आइए हम सभी उनके विचारों को अपनाकर एक समतामूलक समाज बनाने का संकल्प ले।

## सेवा सहकारी समितियों को निर्देश, ई-विकास से ही कराएं उर्वरक वितरण

# बिना ई-विकास प्रणाली के उर्वरक विक्रय पर होगी कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशन में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष छिंदवाड़ा में सेवा सहकारी समितियों, मार्केटिंग समितियों के प्रबंधकों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं का ई-विकास प्रणाली पोर्टल संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल 2026 से



प्रदेश में उर्वरकों का शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि उर्वरक का विक्रय केवल ई-विकास पोर्टल एवं पीओएस मशीन के माध्यम से ही किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि शासन स्तर से उर्वरक वितरण की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। यदि ई-विकास प्रणाली एवं पीओएस मशीन के माध्यम से किए गए विक्रय में अंतर पाया जाता है, तो इसे गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशिक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह ने ई-विकास प्रणाली के संशोधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति प्रबंधकों की शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल संचालन में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर लिखित रूप में अवगत कराएं, ताकि समय पर निराकरण किया जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि गोदाम में उपलब्ध उर्वरक स्टॉक एवं पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक में किसी प्रकार का अंतर पाए जाने पर सत्यापन उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन बुकिंग में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु कृषि, सहकारिता, राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा निजी विक्रेताओं से सहयोग लेने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि शासन के निर्देशानुसार सेवा सहकारी समितियों, मार्कफेड गोदाम एवं निजी विक्रय केन्द्रों द्वारा उर्वरक उठाव के लिए कृषकों का पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक किसान इस प्रणाली से जुड़ सकें और उन्हें समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके।

## सीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**जुन्नारदेव -:** नगर पालिका परिषद ने विगत वर्षों से चली आ रही मांग को पूर्ण करते हुए सीसी नाली निर्माण का आज भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया। आगे उन्होंने कहा कि नाली निर्माण में ढलान पर विशेष दिया ध्यान दिया जाए। ताकि पानी नालियों में जमा न रहें। यह भूमि पूजन कार्यक्रम वार्ड नंबर 16 में अली किराना से गयासुद्दीन खान सर के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य किया जाना है ।जिसकी लगत 438000 रू है।भूमि पूजन कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रमेश सालोडे उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कमरे सभापति श्रीमती नीता कुरोलिया सभापति श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी सभापति श्रीमती सीमा चौरसिया वार्ड पार्षद श्रीमती उर्मिला आम्रवंशी भाजपा नेता पूर्व उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया अकरम खान नपा कर्मचारी गणेश चौरसिया ठेकेदार चिराग बत्रा एवं वार्ड वासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद में पीआईसी की बैठक संपन्न



**जुन्नारदेव -:** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोडे की अध्यक्षता में परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य की निविदाओं की दर स्वीकृत की गई ।वार्ड क्रमांक 11 में रिटर्निंग वॉल के निर्माण कार्य की कार्य अवधि बढ़ाने के साथ ही अतिरिक्त कार्य की पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई ।ठीक इसी प्रकार बैठक पेंच नदी में स्थित डेम में एकत्रित गिट्टी मिट्टी से हटाए जाने के कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट में बाउंड्री बाल निर्माण फिल्टर बेड के मरम्मत कार्य का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक 2 में स्थित पानी की टंकी को ध्वस्त कर नवीन टंकी के निर्माण का प्रस्ताव लिया। अन्य निविदाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वच्छ भारत के लेखन कर की निविदाएं निरस्त करके नई निविदाएं आमंत्रित करने के निर्देश दिए ।कर्मचारी के अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गई।निकाय में विद्युत पोल विस्तार हेतु वर्ष 2026 27 की वार्षिक निविदाएं आमंत्रित करने के स्वीकृति प्रदान की गई ।निकाय की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों के डीपीआर तैयार करने के वर्ष 2026-27 की स्वीकृति प्रदान की गई ।बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। परिषद बैठक में अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन सभापति अमित यादव सभापति श्रीमती दीप्ति कांत साहू श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती लता टांडेकर श्रीमती नीता कुरोलिया श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी सहित नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे दामू सोनी मधुकर खदीपूरे अमूल्य संडे ,महर्षि चौरसिया, गणेश चौरसिया, सुशील लदर, हिमांशु पंचेश्वर उक्त बैठक में उपस्थित रहें ।बैठक का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने विभिन्न विषयों की जानकारी रखी।

## शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नवेगांव निःशुल्क शिविर




**जुन्नारदेवः** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक माने जाने वाले महान चिकित्सा शोधकर्ता डॉक्टर सैनुअल हैनीमैन के 271वी जयंती विश्व होम्योपैथिक दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय नवेगांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ राजेंद्र राम ने कुल 106 मरीजों को अवलोकन कर होम्योपैथिक औषधि वितरण की गई। इस स्वास्थ्य में शिविर में स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए गए। डॉ राजेंद्र राम ने बताया कि होम्योपैथिक एक सुरक्षित उपचार पद्धति है जिस पर कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते। इसमें इलाज लंबा चलता है लेकिन रोगी को स्थाई आराम मिलता है।

## ऋषिका डेहरिया का पुलिस कांस्टेबल में चयन

**परासियाः**तहसील परासिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत दीघावानी की होनहार ऋषिका डेहरिया का मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल मुख्य परीक्षा 2025 में चयनीत होकर क्षेत्र और परिवार को गौरवावित किया है ।ऋषिका डेहरिया ने कड़ी मेहनत और लगन से इस परीक्षा मे चयनित होकर महिला कांस्टेबल बन गई है । महिलाओं को पुलिस में जाना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है । ऋषिका डेहरिया ने ऐसा कारनामा कर समाज को प्रेरित किया है।एमपी पुलिस में चयनित होने पर ऋषिका डेहरिया ने अपने पिता गोपाल डेहरिया, माता उमा डेहरिया,भाई निकुंज डेहरिया ,गर्ग डेहरिया बहन सोनाली डेहरिया ,अपनी मौसी सरपंच सिरगोरी खुर्द चित्राआनंदकार,डेहरिया ,, भारती डेहरिया ,नाना नानी सहित अपने शिक्षकों और स्नेही मित्र गणों को का आभार माना है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुई सफाई




**परासिया :-** नगर पालिका परासिया द्वारा गुरुवार 9 अप्रैल को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में स्थित बांध की साफ सफाई का कार्य किया गया । बांध की सफाई के दौरान नगर पालिका द्वारा लगभग बांध की 60 मी का सफाई कार्य किया गया । बांध में उत्पन्न होने वाले खरपतवार , गाजर घास , पॉलिथीन एवं कचरा को अलग करवाया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में विनोद मालवीय अध्यक्ष नगर पालिका परासिया , महेश सोमकुंवर उपाध्यक्ष नगर पालिका परासिया , संतोष डेहरिया सभापति , बल्लू नागी सभापति , प्रतिभा वेस , राजेंद्र सोनी नोडल अधिकारी , सुनील देवार , दीपक राय , आशीष जोशी , राजीव राठौर , प्रतीक डेहरिया , जागसिन नायक , अरविंद नाग एवं निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए । इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मालवीय ने कहा , कि आगामी समय में शहर में स्थित सार्वजनिक कुएं , नालों की सफाई कार्य , पौधारोपण का कार्य एवं वाटर हार्वेस्टिंग संबंधी अन्य कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत करवाए जाएंगे । जिससे निकाय क्षेत्र अंतर्गत अत्यधिक पानी के सोर्स उत्पन्न रह सके ।

## 3 मरीजों को मिली 1 लाख की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। सांसद के प्रयासों से 3 मरीजों को 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि मिली है, इन मरीजों का नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा।

## बजट का गणित या फिर सरकार की उदासीनता, आर्थिक तंगी में मनरेगा के अधिकारी कर्मचारी

# लाडली बहना हुई निहाल, मनरेगा अधिकारी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी इन दिनों गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। रोजगार की गारंटी देने वाले कुछ आर्थिक सुरक्षा के घेरे में नजर आ रहे हैं।पिछले 7 महीनों से सौसर के मनरेगा वेतन न मिलने के कारण मनरेगा उपयंत्रियों और कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

वेतन नहीं मिलने के चलते पंचायत में और विभाग में काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इस वेतन संकट का सबसे दुखद पहलू जनपद पंचायत चौरई में देखने को मिला। यहाँ पदस्थ उपयंत्री, कंप्यूटर ऑपरेटर का असमय निधन हो गया।कमर्चारियों का कहना है की लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण वे गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।विगत 7 महीने से वेतन नहीं होने के चलते मनरेगा के अधिकारी कर्मचारी के परिवारो का स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करना अब नामुमकिन होता जा रहा है।नियमित आय न होने से कर्मचारी कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। मनरेगा के अधिकारी कर्मचारियों को जीवन उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ बच्चों की स्कूल कोचिंग फीस, बैंक का लोन, गाड़ियों की किस्त, आदि चुकाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है।

### सौंसर ज.पं की 59 पंचायतों में वेतन का सन्नाटा

मनरेगा से ही मिलता जुलता हाल कुछ सौसर क्षेत्र के अंतर्गत 59 ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले सचिव एवं रोजगार सहायकों का भी है.चर्चा के दौरा सचिवों ने बताया कि विगत 3 महीने से जनपद पंचायत की ओर से क्षेत्र के सचिवों का वेतन नहीं किया गया है.वही 4 माह से रोजगार सहायकों को वेतन नहीं मिलने के चलते उनके सामने जीवन यापन को लेकर आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है।

### सरकार की प्राथमिकता पर उठे अनेक सवाल

मनरेगा संघ ने सरकार की नीतियों पर कड़े सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार 'लाड़ली बहना' जैसी योजनाओं के लिए संसाधन जुटा रही है, लेकिन मनरेगा के रीढ़ माने जाने वाले कर्मचारियों को नजरअंदाज किया जा रहा है। केवल अधिकारी ही नहीं, बल्कि योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान भी महीनों से लंबित पड़ा है। सौसर मनरेगा के अधिकारी कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी व्यथा सुनाई है। साथियों विभिन्न मांगों का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग भी की गई है। जिंसमे सितंबर 2025 से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए।

## गौली समाज के लिए ऐतिहासिक फैसला भोपाल में बड़ी जीत

**सिंगोड़ी** :- मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग में आज हुई विशेष बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।जिसमें अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल यदुवंशी ने बताया कि गौली समाज के वर्षों पुराने नाम गोली के स्थान पर अब गौली लिखा जाएगा गोली संबंधी त्रुटि के मुद्दे का आज सफलतापूर्वक समाधान कर दिया गया है लंबे समय से चल रहे इस मामले पर आज आखिरकार मुहर लग गई, जिससे समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है।बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों से पहुंचे समाज के वरिष्ठजनों ने एकजुट होकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और इस मुद्दे को निर्णायक मोड़ तक पहुंचाया।इस महत्वपूर्ण बैठक में गंगाराम चंद्रवंशी, हरचंद चंद्रवंशी, डॉ. गोविंद यदुवंशी, तुलसीराम चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, बलराम पटेल, मंगलू भैया, शिवकुमार (वकील साहब) और बसंत पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समाज की एकता और निरंतर प्रयासों का यह परिणाम एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।यह फैसला आने वाले समय में समाज की पहचान और अधिकारों के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है।क्या यह फैसला समाज के लिए नई दिशा तय करेगा? जिससे समाज के लोगों में भारी उत्साह देखते ही बन रहा है।



## नवीन फायर वाहन डिजिटल सेवाओं का शुभारंभ

### जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में शुक्रवार को सौंसर नगरपालिका परिषद में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़,नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, सौसर नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, सीएमओ मौसम पालेवाल की उपस्थिति में नवीन फायर फाइटर वाहन का विधि-विधान से पूजन कर लोकार्पण किया गया।

नगर को स्मार्ट बनाने की दिशा में दो महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाओं की शुरुआत की गई है। नगरीय क्षेत्र के सभी घरों पर बार कोड लगाए जाने के अभियान का शुभारंभ हुआ है। जिससे भविष्य में कर संग्रहण और नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता आएगी।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने नई फायर ब्रिगेड के लिए नपा ओर नगर वासियों को बधाई प्रेषित की।नगरपालिका की नई वेबसाइट को जनता के लिए लाइव किया गया, जिससे अब नागरिक घर बैठे नगर परिषद से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

आयोजन में श्रीमती मृणाली झाड़े, श्रीमती आशा बेंडे, श्रीमती शीतल हेडाऊ, श्रीमती अर्चना वरूडकर, डॉ. सुनील खंडाईत, एड. रविशंकर धुर्वे,श्रीमती संगीता उफाट रामकृष्ण राउत, श्रीमती गीता मारबतें और प्रशांत ठाकरे राजस्व निरीक्षक रमन बागडे, उपयंत्री अरुण कोल्हे, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे भाजपा जिला अध्यक्ष

**सौंसर।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'गांव चलो बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत सौसर के वार्ड नंबर 13 में स्वच्छता एवं जनसंपर्क का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ नगरपालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे,की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश दिया।अभियान की शुरुआत वार्ड स्थित पशु चिकित्सालय परिसर से की गई।

जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की साफ सफाई की। कार्यकर्ताओं की टोली ने पशु चिकित्सालय से लेकर सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर तक साफ-सफाई की और क्षेत्रवासियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## एल्डरमैन का हुआ नपा सौंसर में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर पालिका परिषद सौंसर के सभाकक्ष में शुक्रवार को परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस बैठक में विकास कार्यों को गति देने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। साथ ही, शासन द्वारा मनोनीत नए पार्षदों का नागरिक अभिनंदन भी किया गया।बैठक की शुरुआत में शासन द्वारा मनोनीत पार्षदों के स्वागत का कार्यक्रम हुआ।

भाजपा जिला अध्यक्ष (पाढुणा) सदांप मोहाड़ एव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल आदि ने सभी पार्षदों के साथ मिलकर नवनियुक्त पार्षदों में मिलिंद वाढेकरश्रीमती कविता फरकारे, दिनेश भकने,पवन सरोदे, मिलनदास बेंडे,श्रीमती किरण बत्राका स्वागत सत्कार किया। बैठक सम्मेलन के मुख्य एजेंडे के तहत प्रस्ताव क्रमांक 01 में वित्तीय वर्ष 2026-27के अनुमानित बजट पर चर्चा की गई। नगर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए परिषद ने निम्नलिखित आंकड़ों के साथ बजट को स्वीकृति दी गई जिंसमे कुल आय (राजस्व 56,93,08,000,कुल व्यय (राजस्व 56,88,17,185,कुल अनुमानित बचत 4,90,815 बताया गया। इसके अतिरिक्त, बैठक में वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट को भी सदन द्वारा सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने मनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से सौंसर नगर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

### स्व. रविशंकर साहू को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजली।

**दमुआ।** नगर क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी परोपकारी, प्रतिभावन, कुशल व्यवहार के धनी और सबके दिलों में बसने वाले लायंस सेवा समिति के संचालक रहे स्व. रविशंकर साहू जी को विनम्र श्रद्धांजली गरीब भोज परिसर दमुआ में दी गई श्रृद्धाजंली सभा में स्वं श्री साहू जी के परिजनों द्वारा गरीबो एवं विभिन्न ग्राम से आए गरीब जरूरत मंदो को नवीन वस्त्र व भोजन प्रसादी वितरित किये गये। श्रृद्धांजली के दौरान नगर के सभी सामाजिक राजनैतिक सभी संस्थओं के प्रमुख सभी व्यवापारीगण सभी निकिट सभी नागरिक वन्धु एवं सभी पत्रकार साथी द्वारा श्री साहू जी की विनम्र श्रद्धाजंली अर्पित की गई। श्रद्धाजंली के अवसर पर सभी ने बारी बारी से साहू जी द्वारा किये गये सेवा कार्यो को निरंतर चलाये रखने पर अपना सहयोग देने की बात कही श्रद्धाजंली मदन सोनी जी, डॉ. आर के विश्वकमा जी, ब्रजलाल प्रजापति, रतनलाल सूर्याजी, समधी साहू जी, लखन पंडोले जी, ओ.पी. सोनी जी, हमीद खान, कॉलेज प्राचार्य शशिदास, जय सिंह वैस, कलीराम फलके, कमल सोजोनिया, पत्रकार साथी धनंजय जी, मुकेश साहू, शिव यादव, रमेश राहीं, गुलाब बरवड़े, शंकर अतुलकर, मोती वर्मा, विजय धुर्वे, पंजाबराव काका, अशोक पाटिल, भानू साहू, शानू साहू, जानू साहू, दुर्गासिंह राजपूत, , राकेश खातकर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## टीईटी अनिवार्यता खत्म करने को शिक्षक लामबंद, 11 अप्रैल को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड में शिक्षक संगठनों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर विरोध के स्वर तेज कर दिए हैं। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले समस्त शिक्षक 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी में हैं। शिक्षक संगठनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 2 मार्च 2026 तथा आदिम जाति कार्य विभाग द्वारा 26 मार्च 2026 को जारी आदेशों में प्रदेश के नॉन- टीईटी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से टीईटी उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश से शिक्षकों में असंतोष का माहौल बना हुआ है। मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर अचानक इस प्रकार की अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है और उनके कार्य निष्पादन पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि उक्त आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। इसके अलावा शिक्षक संगठनों ने नवीन शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की भी मांग रखी है। उनका मानना है कि इससे शिक्षकों को पेंशन, क्रमोन्नति और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल 11 अप्रैल को प्रस्तावित ज्ञापन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और बड़ी संख्या में शिक्षकों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही

## कितना पैसा लोगे?-शिकायतकर्ता को बदनाम करने के लिए लेनदेन की पेशकश, सेवती पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप

### सीएम हेल्पलाइन 181 कीजी शिकायत से बौखलाया सचिव, फोन पर कथित सौदेबाजी का ऑडियो बना चर्चा का विषय, जनपद सीईओ ने दिए सख्त कार्रवाई के संकेत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** किरनापुर जनपद की ग्राम पंचायत सेवती में विकास कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत अब एक बड़े विवाद में तब्दील होती नजर आ रही है। शिकायतकर्ता पवन कश्यप ने पंचायत सचिव श्याम पाँचे पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि शिकायत वापस लेने और उसे बदनाम करने के लिए पैसों के लेनदेन की बात की गई। इस कथित बातचीत के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर पंचायत के कार्यों में गड़बड़ी को लेकर तीन बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई थी। 10 अप्रैल को सचिव श्याम पाँचे द्वारा शिकायतकर्ता को फोन किया गया, जिसमें पहले शिकायत का विवरण पूछा गया, लेकिन बाद में बातचीत का स्वर बदल गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सचिव ने सीधे तौर पर कहा कि तुम लोग 181 में शिकायत पैसे कमाने के लिए करते हो, बताओ इस शिकायत में कितना पैसा लोगे। यह कथन न केवल शिकायतकर्ता की छवि धूमिल करने वाला है, बल्कि पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। शिकायतकर्ता ने साफ तौर पर इनकार करते हुए कहा कि वह एक जिम्मेदार पत्रकार है, ग्राम पंचायत में उपसरपंच है और जनहित के मुद्दों को उजागर करना उसका कर्तव्य है, न कि किसी प्रकार का लेनदेन करना।




इस गंभीर मामले की सूचना शिकायतकर्ता ने तत्काल किरनापुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राम गोपाल यादव को दी। सीईओ ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि संबंधित सचिव को तत्काल नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत भी कार्यवाही हो सकती है। यह मामला अब केवल एक पंचायत की अनियमितता तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रशासनिक नैतिकता और जवाबदेही की बड़ी परीक्षा बन गया है। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि शिकायतकर्ताओ को इस तरह डराने-धमकाने और बदनाम करने का प्रयास किया जाएगा, तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने से हिचकेगा। अब निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या वास्तव में दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### कांग्रेस देश के साथ आप रहे कांग्रेस के साथ-बोधसिंह भगत

## बस स्टैंड में कांग्रेस ने दिया धरना और सभा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, बिजली की दरों में वृद्धि, पेट्रोल-ड़ीजल की कमी, खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी, तिरोड़ी और भौरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को कटंगी के बस स्टेण्ड में कांग्रेस पार्टी ने करीब ढाई घंटे का धरना प्रदर्शन कर सभा का आयोजन किया गया। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के विरोध में शाम 04 बजे धरना प्रदर्शन शुरू हुआ और शाम साढ़े 06 बजे नायब तहसीलदार को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद समापन हुआ। धरना प्रदर्शन में पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, जनपद सदस्य भीमप्रकाश बोरकर, देवेंद्र बानेवार सरपंच भौरगढ़, विश्वेश्वर पटले, गुनीराम बघेले, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे, नोकेन्द्र सिंगनदुपे, कपिल मेश्राम, गंगाराम डहरवाल, ज्ञानीराम राहंगडाले, नरेश कटारिया, आकाश कड़वे, उमेश पटले सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने देश के प्रधानमंत्री को अमेरिका के राष्ट्रपति के ईशारे पर काम करने वाला नेता बताया और कहा कि भाजपा महिला सम्मान की बात करती है। जबकि भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी जो जो भारत सरकार में पूर्व मंत्री रहे है उन्होंने ही कहा है कि भाजपा पार्टी में यदि किसी महिला को टिकट चाहिए उसको पहले बिस्तर में सोना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज भारत के अपने बेहद पड़ोसी देशों से भी संबंध खराब है। प्रधानमंत्री विदेश नीति में पूरी तरह से फेल हुए है। देश में इसके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए उन सभी के पड़ोसी देशों से कभी इतने खराब संबंध नहीं रहे जितने मौजूदा वक्त में है। बोधसिंह भगत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक देश में सत्ता संभाली जिसका कोष 138 करोड़ रुपए है और भाजपा जो महज 15 सालों से सत्ता में है उसके कोष में 16 हजार करोड़ है। भाजपा ने यह पैसा वैक्सीन बनाने कंपनियों, बीफ कंपनियों से लिया है। जिन राहुल गांधी को भाजपा ने पप्पू कहकर प्रचारित करने का काम किया था आज यह बात साबित हो गई कि राहुल गांधी दूरदर्शी नेता है। उनके हर बात आज सहीं साबित हो रही है। राज्य सरकार ने चुनाव के दौरान लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की थी अब तक महिलाओं को यह राशि नहीं दी जा रही है। पूर्व सांसद ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह के द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादों पर भी चुटकी ली और कहा कि जिन्होंने कभी पंच चुनाव नहीं जीता था उसे विधायक बनाया गया। जिसका आज पूरा क्षेत्र दंश भोग रहा है। विधायक ने चुनाव के पहले किसी निजी कंपनी का पहले जनता के बीच लुटाया और आज जब कोइ पीड़ति उनके पास जाता है तो उसे कोई मदद नहीं मिल रही है। पूर्व सांसद ने भविष्य में और अधिक महंगाई बढ़ने की चेतावनी देते हुए सचेत रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। कांग्रेस पार्टी देश के साथ है इसलिए आप कांग्रेस पार्टी का साथ दीजिए। सभा को तमाम कांग्रेसियों ने भी संबोधित किया।

## मां किरनाई मंदिर किरनापुर के ट्रस्ट का हुआ गठन

**किरनापुर।** 8 अप्रैल 2026 को अनुविभागीय अधिकारी श्री आकाश अग्रवाल जी द्वारा किरनापुर की ग्राम देवी मां किरनाई माता मंदिर का ट्रस्ट का निर्माण किया गया है जिसमें प्रमुख 54 ट्रस्टी है जिनमें 11 लोगों की कार्यकारणी समिति बनाई गई है ।ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल को बनाया गया है जैसे ही प्रमाण पत्र अनुविभागी अधिकारी आकाश अग्रवाल किरनापुर ग्राम में खुशी की लहर आई सभी ग्रामवासियों के प्रयास से संभव हो पाया है। साथ तहसीलदार वर्षा झारिया मेडम और नायब तहसीलदार बबीता सूर्या मेडम मौजूद रहे। उपस्थित संजय शारडा, मोनू तारन, पंकज पांचे, संजय चौधरी, पंकज दाते, नायक बाबू, भुरु यादव, गोपी अग्रवाल, सुरेश रत्नेरे, आशीष सोनी, मां किरनाई मंदिर ट्रस्ट का गठन एक सकारात्मक कदम है, जो मंदिर के प्रबंधन, विकास और भक्तों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा ,आधिकारिक ट्रस्ट बनने से धार्मिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने दान, प्रबंधन और मंदिर के रखरखाव में पारदर्शिता आएगी।

## औल्याकंन्हार में 15 अप्रैल को होगा डॉ.अंबेडकर जयंती का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



नगर मुख्यालय लालबर्रा से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम औल्याकंन्हार में इस वर्ष भी डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है।इस आयोजन की तैयारियों को लेकर 9 अप्रैल दिन गुरुवार को प्रातः 9 बजे सर्वसमाज की एक सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बौद्ध समाज के सक्रिय सदस्य श्री मुकेश चौहान ने बैठक में उपस्थित लोगों को आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 14 अप्रैल को ग्राम में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई थी, जिसमें गांव के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग मिला था। इसी तरह इस वर्ष भी सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का उद्देश्य है।

बैठक के दौरान श्री प्रमोद चौहान ने अपना सुझाव रखते हुए कहा कि 14 अप्रैल को ही लालबर्रा में भी ब्लॉक स्तर पर महात्मा फुले एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर की संयुक्त जयंती का वृहद आयोजन प्रस्तावित है,जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सामाजिक जनों की उपस्थिति रहेगी। ऐसे में ग्राम औल्याकंन्हार का मुख्य कार्यक्रम 15 अप्रैल को आयोजित किया जाना अधिक उपयुक्त रहेगा। इस प्रस्ताव का बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया।निर्णय के अनुसार 15 अप्रैल दिन बुधवार को ग्राम में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शिव मंदिर के पास स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा,साथ ही मंचीय कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।बैठक में प्रमुख रूप से ओ.पी. बिसेन (सरपंच प्रतिनिधि), शीतल प्रसाद हरिद्वाज (सेवानिवृत्त वन विभाग), भोजराज कटरे,श्री प्रमोद चौहान,मुकेश चौहान,राजेश बनवाले,धनेन्द्र पटले,शीतल प्रसाद ब्रम्हें (पूर्व उपसरपंच), सुशील ब्रम्हें,भुमेश्वर कटरे, धनेश यादव,सुरेश नागेश्वर, अतिश यादव,ओमकार सहारे, मुकेश यादव,पिंटू अंकल एवं मनोहर यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने एक स्वर में आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की गई है।

# आदमखोर तेंदुआ ने युवक और मवेशियों को बनाया शिकार, लहूलुहान अवस्था में मिला आदिवासी

**बरघाट धारना कलां के समीपस्थ ग्राम गांगपुर में मौत बनकर मध्य रात्रि में आया तेंदुआ! घर के आंगन से युवक को घसीटने की कोशिश, बरघाट में दहशत की काली रात आदिवासी विभानसभा क्षेत्र में आखिर कब तक जाती रहेंगी आदिवासियों की जाने और कब तक बहता रहेगा खून लाठी डंडे के सहारे ग्राम में काटी ग्रामीण जनों ने रात**

**राकेश अगरवार। हरिभूमि बरघाट।** विकासखंड बरघाट में विगत 5 माह से चारो तरफ बाघ ओर तेंदूआ ने आतंक और दहशत मचाया हुआ है जिनके अचानक हमले से लोगो की जाने भी जा रही है संबंधित विभाग सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जुटाने में अब तक सिर्फ आंख मिचौली करते नजर आ रहे हैं।

बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गांगपुर में गुरुवार की रात खौफ और अफरा-तफरी की ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। घर के आंगन में गहरी नींद में सो रहे एक युवक पर तेंदुए ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया, तेंदुआ युवक को पकड़कर घसीटते हुए ले जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन परिवार की सतर्कता और शोर-शराबे से उसकी जान बाल-बाल बच गई।

### तेंदुआ से जंग मौत से मुकाबलाः चीख से टूटी रात की खामोशी

ग्राम गांगपुर निवासी सोनू परते रोज की तरह घर के सामने आंगन में सो रहा था, परिवार के अन्य सदस्य भी पास ही सोए हुए थे। आधी रात के बाद अचानक दबे पांव आए तेंदुए ने सोनू पर झपट्टा मार दिया, पंजों और दांतों से वार करते हुए उसे खींचकर ले जाने लगा,अचानक हुए हमले से सोनू की नींद खुली और उसने जोरदार चीख लगाई।

चीख सुनते ही परिवार के लोग जागे और शोर मचाया। परिजनों ने हिम्मत दिखाते हुए लाठी-डंडों और टॉर्च की रोशनी से तेंदुए को भगाने का प्रयास किया। शोर और हलचल बढ़ती देख तेंदुआ युवक को छोड़कर अंधेरे में भाग निकला।



### दहशत में ग्रामीण घायल युवक, गांव में सन्नाटा

हमले में सोनू परते गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर पर पंजों के गहरे निशान और चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है,घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा छा गया, रातभर लोग जागते रहे, समूह बनाकर पहरा देते रहे। बच्चों और महिलाओं में खासा डर देखा गया। कई परिवारों ने एहतियातन घरों के दरवाजे बंद कर भीतर सोना शुरू कर दिया है।

### गरीबों के पालतू पशु भी बने तेंदुवा का निशाना

ग्रामीणों का कहना है कि उसी रात तेंदुए ने गांव में बंधे पालतू पशुओं पर भी हमला किया। इससे साफ है कि जंगली जानवर अब जंगल की सीमाएं पार कर रिहायशी इलाके तक पहुंच रहे हैं,स्थानीय लोगों का आरोप है कि आसपास के जंगल क्षेत्रों में लगातार हो रही हलचल और मानवीय गतिविधियों के कारण वन्यजीव गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

### विभाग की निरंतर खुल रही पोल वन विभाग और पुलिस हरकत में

सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। संभावित ठिकानों पर निगरानी रखी जा रही है,वन अमले ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात में बाहर न सोने, बच्चों को अकेला न छोड़ने और जंगल की ओर न जाने की सलाह दी है, साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी भी की जा रही है।

### आखिर कब तक प्रशासन से मांगनी पड़ेगी लोगो को जान की भीख

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तेंदुए को जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है,गांगपुर की यह घटना न केवल एक परिवार के लिए डरावनी रात साबित हुई, बल्कि पूरे बरघाट क्षेत्र के लिए चेतावनी भी है कि मानव और वन्यजीव संघर्ष अब गंभीर रूप लेता जा रहा है।

### सुलगते सवालो की जवाबदेही किसकी बचते फिर रहे अधिकारी

क्या वन विभाग पहले से तेंदुए की मौजूदगी से वाकिफ था? क्या गांवों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं? क्या लगातार हो रहे हमलों के बाद भी ठोस रणनीति नहीं बनी? गांगपुर की यह दहशतभरी रात अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन चुकी है, ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। आखिर ब्लाक बरघाट में बड़ रहे बाघ वा तेंदुवे के आतंक से कब मिलेगी मुक्ति या नही यह समझ के परे है।

## खबर संक्षेप

### रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला अस्पताल सिवनी में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक दिनेश राय, मेडिकल कॉलेज सिवनी के डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं के उन्नयन, मरीजों एवं परिजनों की सुविधाओं में सुधार तथा समिति की वित्तीय स्थिति एवं आय-व्यय की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। चिकित्सकीय सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अस्पताल परिसर की सड़कों के सुधार, निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मरीजों के परिजनों के लिए बैठने की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, सीवर लाइनों को ढकने तथा समुचित रोशनी एवं साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### कम परीक्षा परिणाम पर सख्ती, 61 विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यालय, जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा में कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रारंभ की गई है। परीक्षा परिणाम के विश्लेषण में कक्षा 5वीं के 42 एवं कक्षा 8वीं के 19, कुल 61 विद्यालयों का परिणाम 40 प्रतिशत या उससे कम पाया गया है। इनमें कक्षा 5वीं के 14 तथा कक्षा 8वीं के 2 विद्यालयों का परिणाम शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया है।

इस परिप्रेक्ष्य में संबंधित संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### संस्कृत भारती की आवश्यक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संस्कृत भारती सिवनी की एक आवश्यक बैठक क्षेत्र पत्राचार प्रमुख डॉक्टर कीर्ति कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा पत्रालय द्वारा संस्कृत योजनान्तर्गत इस प्रकार सरल पाठ्यक्रम निर्मित किया गया है, जिसमें आप घर बैठे ही संस्कृत पढ़कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके मुख्यतः चार स्तर हैं। जिसमें प्रत्येक स्तर के लिए छः माह की अवधि है। यह पाठ्यक्रम 16 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ष के लोगों के लिए बनाया गया है। संस्कृत भारती प्रत्येक पाठ्यक्रम के अंत में मूल्यांकन के लिए एक परीक्षा आयोजित करती है एवं उत्तीर्ण होने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने इस अवसर पर आमजन से आह्वान किया।



### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान कर बोथिया घाट नाला की हुई साफ-सफाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत अहरवाडा, विकासखण्ड केवलारी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक समन्वयक शअशोक बेंद्रे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्राम अहरवाडा सहजपुरी स्थित बोथिया घाट नाला में सफाई अभियान चलाकर पानी के अंदर जमी गाद एवं कचरे को बाहर निकाला गया। इससे जल स्त्रोत को स्वच्छ बनाया गया, ताकि मवेशियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके तथा पानी स्नान योग्य भी बन सके। इस अवसर पर न्यू प्रगति शील समिति चरगांव के सचिव राजिक मंसूरी, परामर्शदाता मोतीराम हरदुआ, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अहरवाडा के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी छात्र राकेश पंचेश्वर सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

# विवेकानंद वार्ड में चोरों का आतंक, क्षेत्रवासी परेशान

**शहर के विवेकानंद वार्ड में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है।**



क्षेत्र में छोटी-बड़ी वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में सामने आई घटनाओं में नाबालिग बच्चों की संलिप्तता की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ बच्चे संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त नजर आ रहे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि कहीं इनसे चोरी तो नहीं करवाई जा रही।

रहवासियों के बीच चर्चा है कि इन घटनाओं के पीछे बच्चों के परिजनों की भूमिका भी हो सकती है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते बच्चों को सही दिशा और समझाइश दी जाए, तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

वार्डवासियों ने प्रशासन और पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और नाबालिगों को जागरूक करने की मांग की है, ताकि वार्ड में फिर से सुरक्षित वातावरण स्थापित हो ।

# कीटनाशक सेवन करने वाली युवती की इलाज के दौरान मौत, जांच की मांग

**सिवनी।** धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की युवती द्वारा कीटनाशक सेवन करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, युवती ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों द्वारा तत्काल उसे उपचार के लिए पहले स्थानीय स्तर पर ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जबलपुर रेफर किया गया। उपचार के दौरान ही युवती की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान युवती ने एक युवक का नाम मामले में शामिल होने की बात कही थी, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना के बाद परिजन शव को लेकर थाने पहुंचे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों ने संबंधित युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए दोषी को सख्त सजा दिलाने की बात कही है। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कृषि मंथन में केवीके सिवनी के कार्यों की सराहना



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जबलपुर में आयोजित कृषि मंथन 2026 में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केवीके के स्टॉल का अवलोकन कर प्राकृतिक खेती आधारित कार्यों की सराहना की। वैज्ञानिकों ने कृषि सखियों के प्रशिक्षण एवं जैविक उत्पादों के प्रदर्शन की जानकारी दी। मूली सहित विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों की गुणवत्ता को सराहा गया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राकृतिक खेती योजना से जुड़ी है। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों ने भी भाग लेकर नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

**छपारा क्षेत्र में लगा समाधान योजना शिविर, उपभोक्ताओं को मिली बड़ी राहत**

# ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर, मौके पर ही बिलों का निराकरण

**घर-घर जाकर दी जा रही योजना की जानकारी, उपभोक्ता भी कर रहे सहयोग**

**छपाराः-** मध्य प्रदेश शासन की जनहितैषी समाधान योजना 2025-26 (द्वितीय चरण) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधीक्षण अभियंता, सिवनी के निर्देशानुसार छपारा उपसंभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराना रहा। उक्त शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ता उपस्थित हुए, जिन्होंने अपने बकाया विद्युत बिलों का निराकरण कराया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही उपभोक्ताओं के प्रकरणों का परीक्षण कर उन्हें राहत प्रदान की गई। कई उपभोक्ताओं ने एकमुश्त भुगतान कर योजना का लाभ भी उठाया, वहीं कुछ उपभोक्ताओं ने किश्तों में भुगतान का विकल्प चुनते हुए अपने बकाया का निराकरण कराया। शासन की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी उपभोक्ता इस योजना से वंचित न रहे। इसी दिशा में विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करने के साथ-साथ कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी जा रही है। उपभोक्ताओं को योजना के लाभ, भुगतान के विकल्प तथा अंतिम तिथि 15 मई 2026 रखी गई हैं जिसके बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। वहीं शिविर के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि समाधान योजना के अंतर्गत बकाया विद्युत बिलों पर 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट प्रदान की जा रही है। एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को अधिकतम लाभ मिल रहा है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं के लिए किश्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिल रही है और वे आसानी से अपने बकाया का निराकरण कर पा रहे हैं। शिविर स्थल पर विभाग द्वारा विशेष काउंटर स्थापित किए गए थे, जहां उपभोक्ताओं के बिलों की जांच, भुगतान प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान, बिल जांच एवं योजना से संबंधित अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से उन्हें दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और उनके कार्य समय पर हो जाते हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें पहले अपने बकाया की जानकारी नहीं थी, लेकिन शिविर में पहुंचने पर उन्हें राहत मिली और उन्होंने तुरंत भुगतान कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के माध्यम से न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि विद्युत विभाग के लंबित राजस्व की वसूली भी तेजी से हो रही है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सकें। विद्युत विभाग द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और योजना की अंतिम तिथि से पूर्व अपने बकाया विद्युत बिलों का निराकरण कराएं।

# विश्व शांति की लहरें बनीं सिवनी में आकर्षण का केंद्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जब पूरी दुनिया शांति की तलाश में है, ऐसे समय में सिवनी में एक अनोखा आयोजन लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिंगर रिंग के माध्यम से ध्वनि तरंगों के जरिए विश्व को जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

इस आयोजन में शहर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस विशेष कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिनमें पुरुष, महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। साथ ही 100 से अधिक स्थानों से लोग इस पहल से जुडक़र शांति का संदेश दे रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सद्भाव का संदेश देना है।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे एक अनूठा और प्रेरणादायक प्रयास बताया। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, प्रतिभागियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे आगे बढ़ाने की बात कही है।

# विश्व होम्योपैथी दिवस पर निःशुल्क होम्योपैथी शिविर हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर जिला आयुष कार्यालय, सिवनी द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग में निःशुल्क होम्योपैथी मेगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिवनी दिनेश राय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। प्रारंभ में डॉ. हैनीमैन एवं भगवान धनवंतरी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के सिद्धांतों एवं जनस्वास्थ्य में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित किया गया। शिविर में कुल 340 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। शिविर में संधिवात, चर्म रोग, उदर रोग सहित विभिन्न पुरानी एवं जटिल व्याधियों का उपचार किया गया।शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। उक्त शिविर आमजन को सुलभ, प्रभावी एवं सुरक्षित होम्योपैथी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

**जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा**

# आज सिवनी जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदत्तर है-कांग्रेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर आज सिवनी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक पर धरना प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मोहन यादव सरकार की विफल नीतियों के कारण आज सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के अन्नदाता किसान गेहूँ खरीदी न होने के कारण परेशान है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की उपज गेहूँ फसल के उपार्जन की तारीखे बार-बार बढ़ाई जा रही है, पहले 23 मार्च फिर 01 अप्रेल, 10 अप्रेल और अंत में 15 अप्रेल कर दी गई है, जिस कारण किसान अत्यधिक आक्रोशित है। यह समय किसान एवं अन्य दूसरे लोगो के घरो में बेटा-बेटियो के विवाह के अलावा अन्य मांगलिक कार्यो का रहता है। भाजपा सरकार द्वारा समय पर गेहूँ खरीदी न किये जाने से किसान आर्थिक कमी से अपने पारिवारिक दायित्वों को पूरा नही कर पा रहा है बाध्य होकर उसे सूदखोरो के चंगुल में फसना पड़ रहा है। गेहूँ खरीदी न किये जाने के बावजूद भी सरकार के आदेश से सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण वसूली का किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है, किसान मजबूर होकर डिफाल्टर होने के भय से अपनी फसल को 2000 से 2200 रूपये के



औने पौने दामो पर बिचौलियों को बेचने मजबूर हो रहा है, वर्तमान में किसानों को अपनी उपज के समानांतर लागत के चलते जिले के किसानो को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। जिसके फलस्वरूप किसान कर्ज के बोझ तले दबते चले जा रहे है।

जिला कलेक्टर सिवनी के आदेशानुसार किसान यदि अगली फसल की तैयारी के लिए गेहूँ की नरवाई जलाता है ऐसे किसानो पर 5 हजार रूपय का जुर्माना लगाने के आदेश जारी किये गये है, जो कि सर्वथा अनुचित है जिला कांग्रेस द्वारा मांग की गई है कि जिला कलेक्टर इस आदेश को तुरंत वापिस ले या कि नरवाई नष्ट करने के लिए सरकार कोई उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराये।

भारतीय जनता पार्टी के नेता वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने विधानसभा चुनाव पूर्व किसानो को तरह तरह के प्रलोभन देकर सरकार तो बना ली किन्तु अपने किये गये वादो को निभाना भूल गये, प्रदेश का समूचा कृषक वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है।

धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही गैर जिम्मेदारी पूर्ण नीति से प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश सरकार ने 2700 रू. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदने का वादा किया था, सरकार द्वारा आज तक गेहूँ की खरीदी नही की सिर्फ तारीख पे तारीख देकर किसानों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। एक और जहाँ किसानों का गेहूँ नही खरीदा जा रहा है वही दूसरी और सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानो से की जाने वाली ऋण वसूली को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर दिया है। जो कि किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी के श्रेणी में आता है श्री मरावी ने कहा कि किसानों के गेहूँ की खरीदी शीघ्र अतिशीघ्र की जाये, नही तो कांग्रेस पार्टी आगामी समय में पुनः आंदोलन करने बाध्य होगी। धरना आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रजनीश सिंह ने कहा कि मैंने विधानसभा में बार बार किसानों की समस्याओं को विधानसभा में उठाया इसके बावजूद सरकार ने किसानों के विषय को लगातार नजर अंदाज कर गोल मोल जवाब देती है आज सिवनी जिले में ही नही पूरे प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदत्तर है किसान की फसल आ चुकी है सरकार खरीदी में हीला हवाला कर रही है जिस कारण किसानों का गेहूँ घर और खलिहान में रखा हुआ है। मौसम विभाग द्वारा खराब मौसम का अनुमान बताया जा रहा है जिससे उसकी परेशानी ज्यादा बड़ती जा रही है।

## भाजपा नेताओं ने बालाघाट छोर पर, तो विधायक ने ओवर ब्रिज के बीच में किया पूजन

# विधायक पटेल ने यात्री बस को हरी झंडी दिखाकर ओवर ब्रिज से करवाया यातायात प्रारंभ

## प्रशासन और कांग्रेसजनों के बीच हुई जमकर झड़, पुल के बीच धरने पर बैठे विधायक

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

भारी हंगामा, तनातनी, नारेबाजी, सैकडों पुलिस बल की तैनाती के बीच आखिरकार वारा स्थित ओवर ब्रिज का अनौपचारिक लोकार्पण हो ही गया। भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने श्रेय लेने की होड़ में जनता की भावनाओं को भी दरकिनार कर दिया। गुरुवार रात्रि से चल रही कांग्रेस-भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच चल रही झड़पों के बाद प्रशासन द्वारा की गई सख्त व्यवस्थाओं के बीच दोनों ही पार्टी के नेताओं ने अलग-अलग पूजा कर फीता काटकर ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया।

**भाजपा नेताओं ने साधारण तरीके से किया पूजन, पुल की जगह गायत्री मंदिर मार्ग से जाना पड़ाः** भाजपा नेताओं सांसद भारती पारधी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रेल्वे ओवर ब्रिज के बालाघाट छोर पर साधारण तरीके से पूजा अर्चना कर फीता काटा और फिर सांसद भारती पारधी व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे बालाघाट चले गए। वहीं ओवर ब्रिज के मध्य में विधायक विवेक पटेल व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बैठे होने के कारण पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को ओवर ब्रिज से आने के स्थान पर वारा से गायत्री मंदिर मार्ग होते हुए अपने कार्यालय वापस लौटना पड़ा।

वहीं विधायक विवेक विक्की पटेल ने ओवर ब्रिज के मध्य भाग में अपने साथियों के साथ बैठकर विधिवत विधि विधान के साथ पंडित से पूजा अर्चना करवाई और फिर फीता




काटकर ओवर ब्रिज को लोकार्पित किया। उसके बाद उन्होंने बाकायदा बालाघाट से वारासिवनी की ओर आ रही निजी यात्री बस सरकार को हरी झंडी दिखाकर ओवर ब्रिज पर चलने वाली पहली बस होने का गौरव दिलाया।

**अधिकारियों व कांग्रेसियों के बीच हुई जमकर बहसः** इन सबके पहले लगभग एक घंटे तक ओवर ब्रिज पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की जमकर बहस होती रही। इस ओवर ब्रिज का लोकार्पण सांसद भारती पारधी व विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते 10 अप्रैल को होना तय हुआ था। इसी बीच भोपाल से लौट कर आए पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने सांसद भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के साथ 10 अप्रैल को ही लोकार्पण का कार्यक्रम तय कर लिया।

**भाजपाईयों ने विधायक के होर्डिंग के सामने पूर्व विधायक का होर्डिंग लगाकर किया था विवाद प्रारंभः** जिसके बाद 9 अप्रैल की रात में ओवर ब्रिज पर भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा झंडे व होर्डिंग लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इसी बीच भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक विवेक पटेल के होर्डिंग के सामने पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल का होर्डिंग लगा देने से रात्रि में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जिसको एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी पवन यादव ने पुलिस कर्मचारियों की मदद से नियंत्रित किया।

**विधायक का इंतजार करते रहे भाजपा नेताः** लोकार्पण अवसर पर विवाद की स्थिति की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा बालाघाट जिला मुख्यालय सहित वारासिवनी अनुविभाग के सभी पुलिस थानों से पुलिस बल बुलवा लिया गया। 10 अप्रैल की सुबह लगभग 11 बजे ओवर ब्रिज का लोकार्पण करने के लिए सांसद भारती पारधी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल अपने समर्थकों के साथ ब्रिज पर पहॅुचे। इन नेताओं ने पुल के वारासिवनी छोर पर स्वागत सत्कार करवाने के बाद अपने समर्थकों



के साथ पुल के बालाघाट छोर पहॅुच गए। जहॉ पहॅुच कर वह विधायक विवेक पटेल का इंतजार करते रहे।

**कार्यकर्ताओं के साथ गाजे बाजे पहॅुचे विधायक को पुल पर रोका प्रशासन नेः** इस बीच विधायक विवेक पटेल भी अपने कार्यालय से अपने समर्थकों के साथ बैंड बाजे के साथ पैदल निकल कर ओवर ब्रिज पर पहॅुचे और लोकार्पण के लिए ब्रिज पर से होते हुए बालाघाट छोर पर खड़े हुए भाजपा नेताओं की ओर जाने लगे। तो एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल सहित पुलिस बल ने उन्हें पुल के बीच में रोक दिया। अधिकारियों ने श्री पटेल से अकेले पूजा करने के लिए जाने का निवेदन किया, लेकिन श्री पटेल ने अपने समर्थकों के साथ ही पूजा करने की बात कही। लेकिन अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को साथ ले जाने से उन्हें मना कर दिया। जिस पर श्री पटेल अपने साथियों के साथ ओवर ब्रिज के मध्य भाग में धरने पर बैठ गए। वहीं उनके साथियों प्रशासन के इस रवैये को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन व पूर्व विधायक जायसवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरु कर दी। इधर बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए भाजपा नेताओं ने बालाघाट छोर पर साधारण तरीके से पूजा करने के बाद फीता काटकर पुल को लोकार्पित करने के बाद अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो गए थे।

नवनिर्मित ओवर ब्रिज से आवागमन प्रारंभ करवाने के बाद विधायक विवेक पटेल अपने साथियों के साथ पैदल वापस नगर की ओर लौटे और दीनदयाल चौक, बस स्टैंड, जय स्तम्भ चौक होते हुए नेहरु चौक पहॅुचे और वहॉ पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की आदमकद प्रतिमा माल्यार्पण किया। फिर सभी कार्यकर्ताओं के साथ वापस अपने कार्यालय पहॅुचे।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोकार्पण का कार्यक्रम अधिकारियों की सहमति से दो दिन पहले ही तय हो चुका था। लेकिन कल रात से भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमारे स्वागत होर्डिंग के साथ छेड़छाड़ प्रारंभ कर दी। जिस पर प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। वहीं आज जब मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ पुल पर पहुंचा, तो मुझे प्रशासन ने रोक दिया। वह चाह रहे थे कि मै अकेला सांसद जी के साथ लोकार्पण में भाग लॅू। प्रशासन का रवैया बहुत ही निंदनीय है। मुझे श्रेय नहीं चाहिए। मै चाहता हॅू कि यह पुल आवागमन के लिए खुले, अच्छे माहौल में लोकार्पण संपन्न होना था। मगर प्रशासन की नाकामी के कारण यह विवाद खड़ा हुआ। हमने विधिवत पूजा अर्चना के बाद एक यात्री बस को हरी झंडी दिखाकर पुल के ऊपर से आवागमन को विधिवत प्रारंभ करवा दिया है। अब क्षेत्र की जनता को कोई परेशानी नहीं होगी और जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

**शांति पूर्ण कार्यक्रम हो प्रशासन था मुस्तैदः** वहीं एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने कहा कि 10 अप्रैल से रेल्वे ओवर ब्रिज से आवागमन शुरू होना था। शासकीय कार्यक्रम या औपचारिक उद्घाटन तो नहीं होना था। फिर भी सांसद, विधायक और पूर्व विधायक सभी आए थे। उन्होंने पुल का निरीक्षण किया और पूजा अर्चना के बाद आवागमन शुरू किया गया। पुलिस प्रशासन सिर्फ व्यवस्था को बनाने का कार्य कर रहा था, ताकि कोई विवाद की स्थिति नहीं बने। हमने पूरा प्रयास किया कि कोई भी तनाव की स्थिति ना बने और पुलिस प्रशासन सफल भी रहा। रात्रि में एक दल के पोस्टर लगने लगे, उसके बाद दूसरे दल ने उसी पोस्टर के सामने अपना पोस्टर लगा दिया था। उसको लेकर कार्यकर्ताओं में थोड़ा विवाद हुआ था। फिर प्रशासन ने दोनों दलों के कार्यकर्ताओं को समझाकर मामले को शांत करवा दिया था।

## जल गंगा संवर्धन अंतर्गत प्याऊ का किया शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** नवांकुर संस्था राजभूषण सोशल सोसाइटी भुवा विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 02 किन्हीगतिविधि जल गंगा संवर्धन अभियान कार्य क्रम 09 अप्रैल दिन गुरूवार को मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव द्वारा निर्धारित कार्य कृम जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्य कृम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 02 किन्ही अंतर्गत पृसफूटन गाँव खोलमारा मे वृक्ष पूजन व जल मंदिर । प्याऊ का सुभारंभ किया गया। श्री रामप्रसाद बाहे ग्राम पटेल द्वारा विधीवत निम के पेड़ का पूजन कर चौक पर पेड़ के निचे ही प्याऊ का सुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे चरण मे जिले के कलेक्टर महोदय श्री मृणाल मीना के आदेशानुसार। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् बालाघाट के जिला समनवयक श्री सुशील बृमन व ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश के संयुक्त मार्गदर्शन में कार्य कृम चलाये जा रहे हैं। आज के कार्य कृम मे मूख्य रूप से नवांकुर पृभारी दिनेश चोरनेले भूआ, परामर्शदाता राजकुमार तांडेकर , समिति अध्यक्ष, सचिव राकेश गाडे कर, ओंकार कावरे सदस्य हरिप्रसाद बाहे, नरेंद्र पांचे, परदेश पांचे,, धना राम पांचे, जया पांचे, सुनिता पांचे, लक्ष्मी पांचे आदि ग्रामीण जन की उपस्थिति कार्यक्रम मे रही।

## गढ़ी में कॉलेज और आईटीआई की मांग, सरपंच ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बैहर तहसील के ग्राम गढ़ी की युवा नेत्री सरपंच रोशनी मेरावी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र के हजारों युवाओं की बेबसी को बया किया हैं। यह सिर्फ एक पत्र नहीं, बल्कि उन सपनों की आवाज़ है जो गढ़ी क्षेत्र में कॉलेज और आई टी आई नहीं होने से संसाधनों के अभाव में हर साल टूट जाते हैं।उन्होंने कहा कि ग्राम गढ़ी और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज तक न तो कोई शासकीय महाविद्यालय स्थापित हो सका है और न ही तकनीकी शिक्षा के लिए आईटीआई की सुविधा उपलब्ध है। परिणामस्वरूप यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूरदराज के शहरों या फिर बैहर, बालाघाट का रुख करना पड़ता है। लेकिन हर परिवार इतना सक्षम नहीं होता कि वह अपने बच्चों को बाहर पढ़ने भेज सके। आर्थिक तंगी, परिवहन की समस्या और सामाजिक परिस्थितियों के कारण कई होनहार विद्यार्थी बीच रास्ते में ही अपनी पढ़ाई को छोड़ सपनों को त्यागने पर मजबूर हो जाते हैं।सरपंच रोशनी मेरावी ने अपने पत्र में वर्ष 2013 की उस उम्मीद का भी जिक्र किया है, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गढ़ी दौरे के दौरान यहां महाविद्यालय खोलने का आश्वासन दिया था। उस समय क्षेत्र के लोगों की आंखों में उम्मीद की किरण जगी थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी वह वादा अधूरा ही रह गया। यह अधूरा सपना आज भी ग्रामीणों के दिल में एक टीस बनकर मौजूद है।उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो दशकों से अधिक समय से प्रदेश में एक ही सरकार और क्षेत्र में एक ही दल का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद इस मूलभूत आवश्यकता की अनदेखी की जा रही है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास





भी थम सा गया है। युवा वर्ग रोजगार के अवसरों से वंचित हो रहा है और पलायन की स्थिति लगातार बढ़ रही है।यह मांग केवल एक भवन या संस्था की नहीं है, बल्कि यह उन हजारों युवाओं के भविष्य की मांग है, जो अपने गांव में रहकर ही पढ़ना और आगे बढ़ना चाहते हैं। सरपंच ने मुख्यमंत्री से भावुक अपील करते हुए कहा है कि ग्राम गढ़ी में शीघ्र शासकीय महाविद्यालय और आईटीआई की स्थापना की जाए, ताकि यहां के बच्चों को भी सपने देखने और उन्हें साकार करने का समान अवसर मिल सके।अब देखना यह है कि क्या यह मार्मिक पुकार शासन-प्रशासन तक पहुंचकर कोई ठोस निर्णय बन पाती है, या फिर गढ़ी के युवाओं के सपने यूं ही अधूरे रह जाएंगे।

### महिलाओं ने एसडीएम को सुनाई गांव की व्यथा

## अवैध शराब ब्रिकी पर पुलिस करेगी कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत सेलवा की महिलाओं ने गांव में बिकने वाली अवैध देसी-विदेशी शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ रही है। महिलाओं ने गत दिवस मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुंचकर शराब दुकान को गांव के बाहर विस्थापित करने की मांग की है। इधर, महिलाएं लगातार गांव में जागरूकता अभियान चला रही है। गांव में खुले में शराब बेचने वालों को महिलाओं ने 12 अप्रैल तक अपने पास रखी शराब बेचने की मोहलत दी है। बुधवार को पंचायत भवन में सरपंच देवेन्द्र देशमुख और सहायक उपनिरीक्षक कपूर चंद बिसेन की मौजूदगी में एक बैठक आयोजन कर खुले में शराब बेचने वालों को समझाइश दी गई कि वह गांव को नशा मुक्त बनाने में महिलाओं को सहयोग प्रदान करें। सहायक उपनिरीक्षक ने कहा कि अगर कोई खुले में शराब बेचने पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति की महिला पदाधिकारियों ने गुरुवार एसडीएम के.सी.ठाकुर से मुलाकात कर समिति के गठन और उद्देश्य की जानकारी दी है। महिलाओं ने एसडीएम को शनिवार की सुबह 10 बजे गांव भी आंमत्रित किया है ताकि वह भी गांव की स्थिति और यहां युवाओं में तेजी से बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभाव को महसूस कर सके।

## 14 अप्रैल को मनायी जाएगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती

### जिले में सप्ताहभर होंगे विविध कार्यक्रमों के आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

14 अप्रैल डॉ. भीवराम अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों एवं छात्रावास-आश्रमों में 08 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक सप्ताहभर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में डॉ. भीवराम अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक एवं आवासीय संस्थाओं में साफ-



सफाई, रंगाई-पुताई, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डॉ. अम्बेडकर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली/मेहंदी, खेलकूद और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित कर उनके जीवन संदेशों से परिचित कराया जाएगा। श्रीमती डामोर ने बताया कि जिला स्तर के साथ ही सभी विकासखंडो, विद्यालयों एवं आवासीय संस्थाओं में भी डॉ. अम्बेडकर के जीवन और कृतित्व पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे।14 अप्रैल को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही एसएमसी, एसएमडीसी एवं पालक समिति की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आवासीय छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को 14 अप्रैल को विशेष भोजन (फीस्ट) प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलों पर बैकड्रॉप बैनर भी अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। सभी संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रमों का प्रतिवेदन फोटोग्राफी सहित कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, बालाघाट को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

## नवविवाहिता की मौत, परिजनों ने पति को पीटा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के नवेगांव में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका प्रशांति उर्फ मोनिका (26) के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया।



घटना के बाद जब पति ललित राणा पत्नी के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो मायके पक्ष के लोगों ने उनकी कार में तोड़फोड़ की और ललित के साथ मारपीट की। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला की मां श्यामा पटले ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उनकी बेटी को मायके से 5 लाख रुपए और कार लाने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। भाई आदर्श पटले ने बताया कि दोनों की शादी 2022 में हुई थी। भाई ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं मर्डर है।

परिजनों ने यह भी सवाल उठाया कि ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव को सीधे अस्पताल क्यों पहुंचाया। वहीं जब पति ललित राणा पत्नी के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो मायके पक्ष के लोगों ने उनकी कार में तोड़फोड़ की और ललित के साथ मारपीट की।

पति ललित राणा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को जब वह अपनी दुकान से घर लौटे तो उन्होंने प्रशांति को बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका पाया। इसके बाद वे तुरंत एक परिचित की कार से उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रशांति और ललित का विवाह तीन वर्ष पूर्व हुआ था और उनकी एक वर्षीय बेटी भी है।

अस्पताल में घंटों चले तनाव के बाद एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी मयंक तिवारी और समाज के पदाधिकारियों ने मायके पक्ष को शांत कराया। अधिकारियों की समझाइश पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में आज राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के छात्र खिलाड़ियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमती भारती ठाकुर एवं अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज जैन के मार्गदर्शन में क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती कंचन दास द्वारा किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती निर्मला तुरकर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं संगीत शिक्षक श्री सतीश ठाकुर ने विद्यार्थियों के साथ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया।

## परचून वाहन से 9 पेटी अवैध शराब जब्त, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के लांजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए परचून वाहन से अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एएसआई देवराज सिंह के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बालाघाट की ओर से आ रहे वाहन (एमपी 50 जेडई 2199) को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखी गई 9 पेटी शराब बरामद हुई।

पुलिस ने वाहन से ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की की कुल 108 बोतलें जब्त की हैं। जब्त शराब की कीमत करीब 1 लाख 62 हजार रुपए बताई जा रही है।

मामले में ग्रामीण थाना क्षेत्र के कोसमी निवासी 26 वर्षीय उज्जवल उर्फ भोला ठाकरे को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि शराब की खेप छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही थी। पुलिस को एक अन्य संदिग्ध वाहन के फरार होने की भी जानकारी मिली है। फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

